भारत सरकार/GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/MINISTRY OF RAILWAYS
(रेलवे बोर्ड/RAILWAY BOARD)

सं. ई(एनजी)I/2022/पीएम5/1 नई दिल्ली, दिनांक 10.08.2022
(ई-फाइल सं. 3389686)

महाप्रबंधक (कार्मिक)
सभी क्षेत्रीय रेलें/उत्पादन इकाइयां
(मानक डाक सूची के अनुसार)

विषय: इंटर्मीडियट अप्रेंटिस कोटा के तहत जूनियर इंजीनियर (निर्माण) की रिक्ति को भरने के लिए पात्रता मानदंड से संबंधित स्पष्टीकरण।

संदर्भ: (i) रेलवे बोर्ड का दिनांक 28.06.2006 का पत्र सं. ई(एनजी)I-2004/पीएम5/8 (आरबीई सं. 86/2006).
(ii) ई(एनजी)I-2008/पीएम1/15 दिनांक 03.09.2009 (आरबीई सं. 161/2009).

आपका ध्यान बोर्ड के दिनांक 28.06.2006 के पत्र सं. ई(एनजी)I-2004/पीएम5/8 (आरबीई सं. 86/2006) के पैरा 3(ii) की ओर आकृष्ट किया जाता है जिसके तहत 15% इंटर्मीडियट अप्रेंटिस कोटा के तहत जूनियर इंजीनियर (निर्माण) के पद को भरने के लिए निम्नलिखित पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए थे:

"15% निर्माण शाखा के आईटीआई/एक्ट अप्रेंटिस पास या विज्ञान विषय से 10+2 अर्हता वाले तथा कुशल ग्रेड में 3 वर्ष की सेवा वाले कुशल ग्रेड कर्मचारियों जिनकी उच्चतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक न हो, में से इंटरमिडिएट अप्रेंटिस की भर्ती करके।"

2. कुछ क्षेत्रीय रेलों और फेडरेशन (एआईआरएफ) से पत्र प्राप्त हुए हैं कि कारीगर सहायक (निर्माण), लेवल-1 को भी 15% इंटर्मीडियट अप्रेंटिस कोटा के तहत जूनियर इंजीनियर (निर्माण) के लिए पात्र माना जाए।

3. इस मामले पर सिविल इंजीनियरी निदेशालय के परामर्श से विचार किया गया है और यह विनिश्चय किया गया है कि निर्माण संवर्ग में कार्यरत तीन (3) वर्ष का अनुभव रखने वाले कारीगर (सहायक) लेवल-1, को भी 15% इंटर्मीडियट अप्रेंटिस कोटा के तहत पद भरने के लिए पात्र माना जाए, बशर्ते वे पद के लिए निर्धरित शैक्षणिक अर्हता और अन्य पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों।

4. इससे उक्त विषय पर दक्षिण मध्य रेलवे के दिनांक 12.10.2021 के पत्र सं. एससीआर/पीएचक्यू/510/26/19/पीएनएम का निपटारा हो जाता है।

संलग्नक: यथोक्त

10/8/22

(संजय कुमार)
उप निदेशक/स्थापना(एन)
रेलवे बोर्ड
फोन नं. 43658/011-23303658
ई मेल आईडी-sanjay.kumar6@gov.in

सं. ई(एनजी)I/2022/पीएम5/1 नई दिल्ली, दिनांक 10.08.2022

1. जनरल सेक्रेटरी, एआईआरएफ, कमरा नं. 253, रेल भवन, नई दिल्ली (35 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
2. जनरल सेक्रेटरी, एनएफआईआर, कमरा नं. 256-ई, रेल भवन, नई दिल्ली (35 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
3. राष्ट्रीय परिषद, विभागीय परिषद के सभी सदस्य तथा सचिव, कर्मचारी पक्ष, 13-सी, फिरोजशाह रोड, नई दिल्ली (60 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
4. सेक्रेटरी जनरल, फ्रोआ, कमरा सं.256-ए, रेल भवन, नई दिल्ली (5 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
5. सेक्रेटरी जनरल, आईआरपीओएफ, कमरा सं.268, रेल भवन, नई दिल्ली (5 अतिरिक्त प्रतियों सहित).
6. सचिव, आरबीएसएस, ग्रुप 'ए' ऑफिसर्स एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।
7. सचिव, आरबीएसएस, ग्रुप 'बी' ऑफिसर्स एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।
8. सचिव, रेलवे बोर्ड मिनिस्ट्रीयल स्टॉफ एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।
9. सचिव, रेलवे बोर्ड ग्रुप 'डी' इम्प्लाइज़ एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।
10. सचिव, रेलवे बोर्ड प्रमोटी ऑफिसर्स एसोसिएशन, कमरा सं.341-सी, रेल भवन, नई दिल्ली।
11. जनरल सेक्रेटरी, ऑल इंडिया एससी/एसटी रेलवे कर्मचारी एसोसिएशन, रेल भवन, नई दिल्ली।

नवीन

कृते सचिव/रेलवे बोर्ड